भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1005** जिसका उत्तर
शुक्रवार, **22 जुलाई**, 2022/31 आषाढ़, 1944 (शक) को दिया जाना है

असम में कार्यरत पत्तन

†1005. श्री एम. बदरुद्दीन अजमल :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) असम में कितने कार्यरत नदी पत्तन हैं जिनमें आज की तिथि में व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं;

(ख) क्या लोग अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से इन पत्तनों पर आयात और निर्यात सुविधाओं से लाभान्वित हो रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) असम में कितने नदी पत्तनों का विकास किया जा रहा है जहां पर आधुनिकीकरण का कार्य चल रहा है और ये कब तक कार्यरत हो जाएंगे; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान इन पत्तनों के विकास के लिए आवंटित/उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): असम में, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा विकसित चार नदी पत्तन/टर्मिनल [2 राष्ट्रीय जलमार्ग-2 (रा.ज.-2) अर्थात् ब्रह्मपुत्र नदी पर और 2 रा.ज.-16 अर्थात् बराक नदी पर] प्रचालनरत हैं, जहां व्यावसायिक गतिविधियां जारी हैं। इसके अलावा, आईडब्ल्यूएआई द्वारा विकसित 11 फ्लोटिंग टर्मिनल भी रा.ज.-2 पर प्रचालनरत हैं।

(ख): जी, हां। चार टर्मिनलों में से, तीन टर्मिनल नामत: रा.ज.-2 पर पांडु (गुवाहाटी) एवं ढुबरी और रा.ज.-16 पर करीमगंज टर्मिनल, सीमा शुल्क के लिए अधिसूचित हैं, जहां आयात और निर्यात की सुविधाएं उपलब्ध हैं। आयातक और निर्यातक, इन टर्मिनलों पर सीमा शुल्क सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इन टर्मिनलों पर कार्गो चढ़ाने/ उतारने तथा जलयानों/ कार्गो की हैंडलिंग से संबद्ध अन्य गतिविधियों में स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्राप्त होता है।

(ग) और (घ): विवरण **अनुबंध-क** में संलग्न है।

अनुबंध-क

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (करोड़ रु. में)	पूरा होने की प्रस्तावित तिथि	निधि का स्रोत
1.	जोगीघोपा (रा.ज.-2 ब्रह्मपुत्र नदी) में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल	67.64	सितंबर, 2024	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की सकल बजटीय सहायता से
2.	बदरपुर और करीमगंज टर्मिनल (रा.ज.-16 बराक नदी) में तटीय सुविधाओं का नवीनीकरण	3.85	फरवरी, 2023	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की सकल बजटीय सहायता से
3.	बोगीबील और गुइजान में फ्लोटिंग जेट्टियां	6.50	मार्च, 2023	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की सकल बजटीय सहायता से
4.	नेमाती, विश्वनाथ घाट, पांडु और जोगीघोपा में पर्यटक जेट्टियां	10.61	अप्रैल, 2023	पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित

****